# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–05 जून2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मजबूत बुनियादी ढांचे तथा समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री ने लिखा कि पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, डिजिटल समावेशन और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने पारदर्शिता के साथ–साथ अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाया है। श्री मोदी ने गरीबी को हराने में 25 करोड़ से अधिक लोगों की मदद करने में इन पहलों की भूमिका पर जोर दिया। भानु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं लवलीन निगम।***

**********

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। इसी कड़ी में आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर विशेष श्रृंखला लेकर आया है। आज, हम शिक्षा और खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

***राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक देशभर के स्कूलों में प्री स्कूल से माध्यमिक स्तर तक 100 प्रतिशत और वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत नामांकन किए जाएं। वर्ष 2014 में देश के उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या 51 हजार थी जो अब बढ़कर 70 हजार से अधिक हो गई है इसमें आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे शिक्षण संस्थान की संख्या अधिक है। पीएम श्री योजना के तहत देशभर में साढे 14 हजार स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। शिक्षा के साथ–साथ खेल क्षेत्र भी सरकार की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में है। खेलो इंडिया अभियान के तहत देशभर में एक हजार से अधिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले गए हैं और 3 हजार युवा खिलाडियों को सालाना 6 लाख रुपए से अधिक की मदद दी जा रही है। टारगेट ओलम्कि पोडियम योजना के तहत देश के शीर्ष खिलाडियों को विशेष प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किये जा रहे हैं। भारत ने पिछले दो ओलंपिक में 13 पदक जीते हैं और पेरिस पैरालंपिक में रिकॉर्ड तोड़ 29 पदक अपने नाम किये हैं। रहीसुद्दीन रेहान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अमरीका में नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों और भारतीय समुदाय के साथ कई बैठकों के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को मजबूती से सामने रखा है। श्री थरूर ने वाशिंगटन में अमरीकी कांग्रेस के विदेश मामलों की समिति के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक के बाद कहा कि आतंकवादी हमलों की निंदा करने और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के मुद्दे पर सभी ने पूरी तरह से सहमति व्यक्त की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम मंदिर परिसर में राम दरबार और छह मंदिरों में स्थापित देवी देवताओं के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आज हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रीरामलला के दर्शन पूजन भी किये। अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री शामिल हुए। वहां उन्होंने करीब पैंसठ करोड़ से अधिक की लागत वाली जन कल्याणकारी योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने अयोध्या के पुष्प वाटिका में पौधारोपण भी किया।

**********

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश भर में जनजागरूकता कार्यक्रम और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। गोरखपुर जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तिरपनवें जन्मदिन के अवसर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में तिरपन पौधे लगाए गए। कार्यक्रम संयोजक डॉ योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के पर्यावरण प्रेम को देखते हुए पिछले चार वर्षों से प्रत्येक वर्ष उनके जन्मदिन पर उनकी उम्र की संख्या के बराबर पौधे लगाए जा रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर वाराणसी जिले में वृक्षों की प्रतीक यात्रा निकाल कर हरे पेड़ न काटने का संदेश दिया गया।

**********

देश भर के तीस हजार से ज़्यादा संगठनों ने इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम योग संगम–दो हजार पचीस में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। इसका आयोजन आयुष मंत्रालय कर रहा है। आयुष मंत्रालय ने समर्पित पोर्टल योगा डॉट आयुष डॉट जीओवी डॉट इन स्लैश योगा डैश संगम लांच किया है। मंत्रालय के अनुसार इस पोर्टल पर संगठन अपने कार्यक्रमों को पंजीकृत करवा सकते हैं।

**********

आज गंगा दशहरा है। इस अवसर पर प्रदेश की पवित्र नदियों में स्नान कर श्रद्धालु पूजा अर्चना कर रहे हैं। साथ ही कई जिलों में भंडारे और शरबत वितरण के कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। प्रमुख तीर्थस्थलों के घाटों पर सुरक्षा और साफ सफाई के पर्याप्त प्रबंध किये गये हैं।

**********